- मेडिकल छात्र की फॉर्च्यूनर ने ली युवक की जान II
- दो सम्मेलनों में विवाह बंधन में बंधे 176 जोड़े III
- ग्रीन इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए एकेटीयू देगा एआई प्रशिक्षण IV


लखनऊ, सोमवार, 27 अप्रैल 2026


## शहर में आज



- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अवध इन्क्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार पर आईपीआर प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान - 10:00 बजे से।
- विद्युत उपकेन्द्र इंदिरा नगर सेक्टर 25 में एडवा के तत्वाधान में स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर घेराव- 2:30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### सूचना विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों के रिटायर्ड इन्फॉर्मेशन जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से रिजवा सम्मान समारोह 27 अप्रैल को सूचना विभाग के प्रेक्षागृह में शाम 4 बजे से होगा। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राघवेंद्र कुमार होंगे। इसमें पूर्व सूचना निदेशक रोहित नंदन को रिजवा अशोक प्रियदर्शी स्मृति सूचना सम्मान और पूर्व सूचना निदेशक डॉ. अनूप चंद्र पाण्डेय को रिजवा उमेश कुमार सिंह चौहान स्मृति सूचना सम्मान दिया जाएगा। सूचना संवर्ग के 11 वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी राज गोपाल सिंह वर्मा, अशोक कुमार शर्मा, अशोक कुमार बनर्जी, सैय्यद अमजद हुसैन, विजय राय, फौजदार माली, दिनेश कुमार सहगल, हामिद अली खां, ज्ञानवती, शिव प्रसाद भारती एवं दशरथ प्रसाद यादव को विभिन्न स्मृति सूचना सम्मानों से नवाजा जाएगा।

### गर्मी ने किया बेहाल धूप ने झुलसाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में बढ़ते पारे के बीच गर्मी और तपिश से जल्द राहत मिलते नहीं दिख रही है। रविवार दोपहर पारा 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी बढ़ने साथ धूप और चटक निकली। शाम को पारा 39 डिग्री पहुंच गया, लेकिन, मौसम गर्म होने के कारण राहत नहीं मिली। सुबह 9 बजे तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा और गर्मी से हल्की राहत रही। जैसे ही दिन की शुरुआत हुई तो बढ़ते पारे के साथ आसमान से आग सा बरसना शुरू हो गया। तेज धूप के साथ तपिश बढ़ती गई। दोपहर 12 बजे के बाद पारा 42 डिग्री पहुंच गया। धूप भी अन्य दिनों की तुलना में तेज निकली और झुलसाने का काम किया। रविवार अवकश होने के कारण लोग कम निकले। इससे सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। जो लोग जरूरी काम से निकले तो छाता, अंगौछा से मुंह व सिर ढककर निकले। दोपहर में गर्म हवाएं भी चलीं। शाम 7 बजे के बाद पारा गिरकर 39 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। लेकिन, मौसम गर्म रहा। गर्मी के साथ तपिश रही। अन्य दिनों की तुलना में रविवार का दिन गर्म रहा। जल्द राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सोमवार को पारा 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। तीन चार दिन पारा और बढ़ेगा। लोग जरूरी कामकाज से ही बाहर निकले और बचाव करें। आगे लू भी चलने की संभावना जताई है।

### आरोग्य मेले में लू से बचाव के उपाय बताए

**अमृत विचार, लखनऊ :** सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित आरोग्य मेलों में भीषण गर्मी से बचाव और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मेले में पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों और विशेषज्ञों ने आमजन को लू, डिहाइड्रेशन और गर्मी से होने वाली अन्य बीमारियों से बचाव के सरल और प्रभावी उपाय बताए। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि हर रविवार को स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज मुहैया कराया जाता है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी जाती है। वहीं, इस रविवार को आयोजित मेले में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप में अनावश्यक बाहर न निकलने, हल्के व सूती कपड़े पहनने, मौसमी फलों और तरल पदार्थों का अधिक सेवन करने की सलाह दी गई। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया गया।

# वैश्विक उथल-पुथल से डगमगाते कारोबार पर 'भामाशाह' चिंतित

## अमृत विचार कार्यालय में हुई परिचर्चा में उठाईं कारोबारी दिक्कतें और रखे सुझाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** वैश्विक उथल-पुथल के बीच डगमगाते कारोबार को लेकर रविवार को 'अमृत विचार' समाचार पत्र कार्यालय में 'युद्ध की विभीषिका के बीच वैश्विक हालातों से कारोबारी असर' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें शहर के प्रतिष्ठित ट्रेडों के 'भामाशाह' ने कारोबारी दिक्कतों को उठाया और अपने सुझाव रखे।

कारोबारियों ने कहा कि यह सच है कि सरकार के प्रयास दीर्घकालिक और बेहतर हैं, लेकिन कुछ बिंदुओं पर सरकार को घेरकर आइना दिखाया। कारोबारियों ने कहा कि सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व संग्रह कर देने वाले व्यापारी वर्ग से सिर्फ लेने की ही प्रवृत्ति ठीक नहीं देने की ओर भी ध्यान देना होगा। सरकार के साथ हर मसले पर व्यापारी खड़े रहते हैं। याद कीजिए कोरोना के दौरान व्यापारियों ने ही लोगों को खाना बनवाकर पहुंचाया था। पानी, राशन, दवा आदि सभी आवश्यक सामग्री जोखिम उठा आमजनों तक पहुंचा रहे थे। व्यापारियों की ओर सरकारों को अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। सिर्फ बयानबाजी तक नहीं धरातल पर उन्हें चीजें उपलब्ध कराना होगा। नौकरशाही पर अंकुश लगना जरूरी है।

कारोबारियों की अपेक्षाएं हैं। विकास के ढांचे को आर्थिक मजबूती और गति प्रदान करने में व्यापारी वर्ग की महती भूमिका रहती है। कारोबारी वर्ग मानता है कि वह सरकार का मुफ्त का बड़ा टैक्स कलेक्टर है। बावजूद इसके सरकार व्यवसायियों की मांगों पर अन्य मसलों की तरह गंभीर नहीं है।



अमृत विचार कार्यालय में हुई परिचर्चा के बाद शहर के प्रतिष्ठित कारोबारी। अमृत विचार

### वैश्विक परिस्थितियों के बीच दिया आत्मनिर्भरता पर जोर



- वैश्विक वर्चस्व की प्रतिस्पर्धा के रूप में देखना चाहिए। मेरा मानना है कि इस संघर्ष के पीछे विश्व की महाशक्तियों की सक्रिय भूमिका है, जिससे आर्थिक और सामरिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। अब समय आ गया है कि भारत अपने संसाधनों और क्षमताओं को मजबूत करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाए। मेरा मानना है कि जो देश आर्थिक और रणनीतिक रूप से जितना सक्षम होगा, वही वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत कर पाएगा। इस बीच, केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर भी चर्चाएं जारी है। हालांकि, मेरा मानना है कि मौजूदा परिस्थितियों में इन नीतियों की आलोचना पूरी तरह उचित नहीं है, क्योंकि भारत अन्य कई देशों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में बना हुआ है। उन्होंने रंगून, म्यामांर समेत कई देशों से आने वाली अरहर, उड़द आदि दालों के आयात पर भी कई अहम जानकारियां दीं। फिलहाल सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की गई है, लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि वैश्विक बाजार के दबाव के चलते यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहना कठिन हो सकता है। ऐसे में, आत्मनिर्भरता को केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता के रूप में देखा जा रहा है। नीति-निर्माताओं और अर्थशास्त्रियों का मानना है कि दीर्घकालिक स्थिरता के लिए देश को अपने उत्पादन, ऊर्जा और तकनीकी क्षेत्रों में स्वावलंबी बनना ही होगा।

**-राजेंद्र कुमार अग्रवाल, चेयरमैन लखनऊ व्यापार मंडल**

### युद्ध विराम के बाद लौटेगी स्थिरता



- अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों मैं उथल-पुथल रही सभी व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है उम्मीद थी कि युद्ध विराम के बाद बाजार में स्थिरता लौटेगी। कच्चे माल की कीमतों में संतुलन आएगा और व्यापारिक गतिविधियां फिर से सामान्य गति पकड़ेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ जिस कारण से प्रोडक्शन बंद हो गए हैं गैस की दिक्कत से व्यापार पर काफी प्रभाव पड़ा है सभी ट्रेड में मैटेरियल पर 10 से 20 प्रतिशतके रेट बढ़ गए हैं महंगाई निश्चित बढ़ेगी।

**-सुरेश छबलानी, चिकन वस्त्र व्यवसायी एवं महानगर अध्यक्ष, अभाउ व्यापार मंडल**

### पैकेजिंग मैटेरियल 30 फीसद तक महंगा



- कपड़े हो या कोई अन्य चीज सभी पैकिंग पर निर्भर हैं। पैकिंग मैटीरियल में बीस से तीस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी है। वैश्विक उथल-पुथल ने इसे और रफ्तार दे दी है। खास तौर पर कपड़ा कारोबार तो पैकिंग पर ही निर्भर है। क्वालिटी के साथ अगर पैकिंग अच्छी है तो ग्राहक इस ओर तेजी से आकर्षित होता है। बाहर से आज भी कई चीजें आ रही हैं। लोगों को अफवाहों से बचना होगा। लोग गैस संकट से उबर रहे हैं। लोगों को ऐसे नाजुक समय में विकल्प तलाशने ही होंगे। सरकार को व्यापारियों की मांगों पर ध्यान देना होगा।

**-मो. अफजल, प्रदेश कोषाध्यक्ष, आदर्श व्यापार मंडल**

### व्यापारियों को सुविधाएं देनी ही होंगी



युद्ध की विभीषिका के बीच अपने संसाधनों के बल पर भारत हर लक्ष्य को पा रहा है। व्यापारी वर्ग सरकार से ज्यादा रोजगार जेनेरेट करने वाला वर्ग है। इससे पूरे देश में बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होता है। न केवल काम करने वाले कर्मचारी बल्कि उनके परिवार को भी संरक्षण देने का काम करता है। ऐसे में सरकारों को चाहिए कि वह उसे मात्र टैक्स कलेक्टर के रूप में न जाने बल्कि व्यापारी वर्ग को देने पर भी सरकार को अब विचार करना होगा। कपड़ों की कीमतों में हर वर्ष तेजी है। यार्न महंगा है। इससे वस्त्र उद्योग प्रभावित है। सेल पर प्रभाव पड़ा है। ऑनलाइन के विरोध में सभी व्यापारी हैं यह न तो पर्याप्त टैक्स सरकार को देता है और न ही उसकी कोई जवाबदेही है। हम लोग सरकार का साथ दे रहे हैं। लेकिन कब तक, निराशा नहीं आनी चाहिए।

**-प्रभू जालान, कपड़ा कारोबारी एवं महामंत्री स्वदेशी मार्केट**

### गैस से इतर पुराने विकल्पों की ओर होगा लौटना



पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बायोगैस प्लांट आम थे, जो घरेलू जरूरतों को पूरा करने में सहायक होते थे। उन्होंने बताया कि उनके गांव में भी पूर्वजों ने बायोगैस प्लांट लगाया था, लेकिन समय के साथ रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ने पर यह विकल्प उपेक्षित हो गया और धीरे-धीरे बंद हो गया। आज की परिस्थितियों में फिर से उसी विकल्प की जरूरत महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में गैस के वैकल्पिक साधनों की खोज और उनका उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, बल्कि ऊर्जा संकट से भी राहत मिल सकेगी।

**-अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष उप्र. आदर्श व्यापार मंडल**

### पेट्रोलियम के बाई प्रोडक्ट में 30 फीसद की तेजी



- वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को केवल एक युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि इससे ऊर्जा क्षेत्र में होने वाला असंतुलन भी है। इससे महंगाई लगातार बढ़ेगी। रॉ मैटीरियल विदेश से आ रहा है। पेट्रोलियम के बाई प्रोडक्ट में तीस प्रतिशत की तेजी है। इससे चीजों के दाम में बढ़ोत्तरी होना तय है। सरकार कमर्शियल, बिजली, नगर निगम, जीएसटी समेत तकरीबन 19 तरह के टैक्स वसूल रही है। कर देने में दिक्कत नहीं टैक्स संग्रह करने वाले कलेक्टर जो हैं लेकिन व्यापारियों को मिलने वाली सहूलियतें कहां हैं? विदेशों में टैक्स देने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त हैं। यहां का कारोबारी कहां पर है। सरकार के साथ कोरोना समेत विभिन्न आपदा के काल में व्यापारी वर्ग सबसे पहले आगे आता है, लेकिन सरकार लेती है उसकी एवज में देने की प्रवृत्ति नहीं है। इस ओर देखना ही होगा। मौजूदा परिस्थितियों में आत्मनिर्भरता ही सबसे बड़ा समाधान है। समाज को अपने संसाधनों का संतुलित उपयोग करते हुए हर परिस्थिति के लिए अपने आपको तैयार करना होगा।

-अमरनाथ मिश्र, अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

### पारंपरिक साधनों की ओर लौटने की अपील



- उप्र. आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं के बीच समाज अपनी पारंपरिक व्यवस्थाओं को भूलता जा रहा है, जिसका असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। लोगों में बढ़ती आरामतलबी के कारण छोटी-छोटी दिक्कतें भी बड़ी समस्या बनती जा रही हैं। ऐसे समय में जरूरत है कि न केवल खुद में बदलाव लाया जाए, बल्कि नई पीढ़ी को भी आत्मनिर्भर बनने के गुण सिखाए जाएं। वर्तमान में रसोई गैस की किल्लत से लगभग हर परिवार प्रभावित है। इस स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक उपायों पर जोर देना आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ-साथ पारंपरिक चूल्हे और भट्ठियों को भी अपनाया जाना चाहिए, ताकि किसी एक संसाधन पर निर्भरता कम हो सके। उन्होंने बताया कि गैस की कमी के चलते बीते एक माह में बिजली से चलने वाले उपकरणों की बिक्री में लगभग दस गुना वृद्धि दर्ज की गई है। यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि लोग तेजी से विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं।

**-संजय गुप्ता, अध्यक्ष उप्र आदर्श व्यापार मंडल**

### सांस्कृतिक मूल्यों की ओर लौटने की जरूरत



- भारत को अन्य देशों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि बायोगैस जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत उत्तराखंड सहित कई क्षेत्रों में सफल साबित हो रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय संसाधनों के उपयोग से ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। इस दिशा में सरकार के प्रयासों के साथ समाज को भी सहयोग करना चाहिए। वर्तमान वैश्विक तनाव और संघर्ष का प्रभाव अन्य देशों की तुलना में भारत पर अपेक्षाकृत कम पड़ा है, लेकिन व्यापार क्षेत्र में चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में उद्योग और व्यापार को मजबूत बनाने के लिए आत्मनिर्भरता आवश्यक है। नई पीढ़ी की जीवनशैली में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। देर रात तक जागना और दिन में सोने की आदतें दीर्घकालिक रूप से समाज के लिए हानिकारक साबित हो सकती हैं। इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। देश के समग्र विकास के लिए अपनी संस्कृति और परंपराओं की ओर लौटना जरूरी है। आत्मनिर्भरता के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाकर ही मजबूत और संतुलित समाज का निर्माण किया जा सकता है। **-संदीप बंसल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**

### व्यापारी गतिविधियां फिर से होंगी सामान्य



- अमेरिका और ईरान युद्ध के कारण गैस की दिक्कतें तो हुई है उसका विकल्प की ढूंढा गया है बायो गैस के रूप में। सभी ट्रेड अपने व्यापार को बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं। व्यापारी गतिविधियां फिर से सामान्य होंगी हमें अपने भारत में बनने वाली चीजों को ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए महत्व देना चाहिए। रॉ मटेरियल के रेट बढ़ने से 10 से 20 प्रतिशत सभी वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं इससे व्यापार कम हो गया है यह तेजी महंगाई को बढ़ा रही है।

**-अनिल अग्रवाल, कारोबारी**

### सरकार को अफवाहों पर रोक लगानी चाहिए



- आज का जो माहौल पूरे विश्व में चल रहा उससे हमारा भारत देश भी प्रभावित हुआ है यहां के हर नागरिक पर इसका प्रभाव पडा है इन परिस्थितियों में भारत के सभी नागरिकों को एक जुट होना चाहिए। आपदा में अवसर तो तलाशना चाहिए, लेकिन आम जनमानस की भलाई के लिए न कि उसका फायदा उठाए जाए। सरकारों को अफवाहों को रोकना चाहिए और आम जनता की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। व्यापारी वर्ग हर आपदा में सरकारों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलता है सरकारों को भी व्यापारियों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।

**-देवेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष, भूतनाथ मार्केट**

### व्यापारियों की आवाज को मिल रहा अमृत विचार का मंच



- अखबार लगातार व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा है। कई मुद्दों का हल हुआ। 'अमृत विचार' द्वारा समाज के ज्वलंत मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा रहा है, जिससे न केवल व्यापारियों बल्कि आम जनमानस की समस्याएं भी सामने आ रही हैं। यह प्रयास समाज और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने में सहायक साबित हो रहा है। उम्मीद है कि अखबार इसी तरह निष्पक्षता से जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाता रहेगा, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों को अपनी बात रखने का सशक्त मंच मिलता रहेगा।

**-सिद्धार्थ जैन, मीडिया प्रभारी चौक सर्राफा एसोसिएशन, चंदारानी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट**

### ऐसे दौर में व्यापारियों की सामाजिक जिम्मेदारी भी



- व्यापार केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि एक पुश्तैनी परंपरा है, जो समाज से गहराई से जुड़ी हुई है। व्यापारी वर्ग समाज को रोजगार और आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराकर महत्वपूर्ण योगदान देता है। हालांकि, महंगाई का प्रभाव हर वर्ग पर पड़ता है, ऐसे में व्यापारियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे अपने कर्मचारियों की जरूरतों और समस्याओं को समझें। कहा व्यापारियों को अपनी सोच में बदलाव लाना होगा। हमें यह समझना होगा कि कर्मचारी हमसे नहीं, बल्कि हम कर्मचारियों से हैं, कहा कर्मचारियों के सहयोग के बिना व्यापार में सफलता संभव नहीं है।

**-आदीश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखनऊ सर्राफा**

### व्यापारी वर्ग सबके साथ खड़ा रहता है



- हर परिस्थिति में व्यापारी वर्ग सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है, लेकिन जब उनकी आवश्यकताओं और अधिकारों की बात आती है तो अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि आज व्यापारी अपनी पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहा है। सरकार को यह समझना होगा कि एक व्यापारी से कई परिवारों की आजीविका जुड़ी होती है और उनके माध्यम से अनेक घरों के चूल्हे जलते हैं। कर व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि व्यापारियों द्वारा दिए जाने वाले टैक्स का सदुपयोग सुनिश्चित होना चाहिए। **-अनुराग रस्तोगी, नार्थ इंडिया हेड इंडिया बुलियन ज्वेलर्स, इब्जा**

### छोटे-छोटे मामलों में प्रताड़ित न किया जाए



- युद्ध का जो माहौल पूरे विश्व में चल रहा उसमें सबसे ज्यादा अगर कोई प्रभावित हुआ वो व्यापारी समाज। चीजें महंगी होती जा रही और आम उपभोक्ता डरता भी और कम खर्च की भी कोशिश कर्ता है जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में सरकार को चाहिए कि व्यापारी को छोटे-छोटे मामलों में प्रताड़ित न किया जाए जिससे कि वो अपना व्यापार आसानी से चला सके और सरकार को टैक्स भी दे सके। व्यापारी सिर्फ अपना परिवार ही नहीं चलाता बल्कि जितने कर्मचारी रखता उनका भी परिवार चलाता है।

**-अरविन्द पाठक, वरिष्ठ महामंत्री, भूतनाथ मार्केट**

**तकनीक पर चर्चा** | विवेकानंद पॉलीक्लिनिक में नेत्र चिकित्सा में युवा डॉक्टरों के भविष्य और एआई के उपयोग पर मंथन

# एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं, महज सहयोगी उपकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के नेत्र रोग विभाग की ओर से आयोजित 'विवेकआइकॉन 2026' में युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों के समग्र विकास और चिकित्सा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र में एआई की भूमिका पर आयोजित विशेष सत्र में विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं है, बल्कि एक सहयोगी उपकरण है जो निदान और उपचार को अधिक प्रभावी बना सकता है। इस सत्र में प्रोफेसर विनीता सिंह, डॉ. जतिंदर, डॉ. राजेश भाटिया और डॉ. दिव्याकांत मिश्रा सहित कई विशेषज्ञ शामिल रहे। आयोजक एवं नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. जिमी मित्तल ने कहा कि चिकित्सा जगत में अक्सर युवाओं की चुनौतियों और जरूरतों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। इसी कमी को दूर करने के लिए युवा नेत्र रोग विशेषज्ञ समिति (योसी) के सहयोग से इस आयोजन की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि यह मंच वरिष्ठ और युवा डॉक्टरों के बीच संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में 116 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें रेजिडेंट डॉक्टर, फेलो और वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल रहे। एमएस या डीएनबी के बाद युवा डॉक्टर अपने करियर को किस दिशा में ले जाएं, प्राइवेट प्रैक्टिस, चैरिटेबल अस्पताल या रिसर्च आधारित चिकित्सा सेवा पर वरिष्ठ विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा कर युवाओं का मार्गदर्शन किया।

इसके अतिरिक्त, युवा डॉक्टरों के लिए वित्तीय प्रबंधन, करियर संतुलन और व्यक्तिगत जीवन एवं पेशेवर जीवन के बीच संतुलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विशेषज्ञ पैनल ने चर्चा की। इसमें प्रोफेसर विनीता सिंह, प्रोफेसर कुमुदिनी शर्मा, डॉ. भारतेंदु अग्रवाल, डॉ. प्रगति गर्ग, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव और डॉ. राजेश भाटिया शामिल रहे।

कार्यक्रम के समापन पर विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने कहा कि यह आयोजन नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है, जो युवा डॉक्टरों को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि बदलते समय में एआई का उपयोग चिकित्सा सेवा को और अधिक सशक्त बनाएगा और इसकी भूमिका आने वाले वर्षों में और भी महत्वपूर्ण होगी।



कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते हुए स्वामी मुक्तिनाथानंद व अन्य चिकित्सक

### गंभीर मरीजों के इलाज के बताए तरीके

- अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के पूर्व विभागाध्यक्ष सहित देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञों ने लोहिया संस्थान में आयोजित पोस्ट ग्रेजुएट असेंबली एवं रूमेटोलॉजी व पल्मोनोलॉजी वर्कशॉप में प्रशिक्षु डॉक्टरों को आधुनिक चिकित्सा तकनीक का प्रशिक्षण दिया। लोहिया संस्थान के जनरल मेडिसिन विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में गठिया (रूमेटोलॉजी) और फेफड़ों के रोगों (पल्मोनोलॉजी) के नवीन उपचार, गंभीर रोगियों की देखभाल, उपचार प्रबंधन तथा सेप्सिस प्रोटोकॉल पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने मैकेनिकल वेंटिलेशन मॉड्यूल और केस सिमुलेशन के माध्यम से हाथों-हाथ प्रशिक्षण देते हुए वेंटिलेटर के विभिन्न मोड, सेटिंग्स और ट्रबलशूटिंग की जानकारी साझा की। एबीजी (धमनी रक्त गैस) सत्र में एसिड-बेस विकारों के बेहतर और प्रभावी प्रबंधन पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में केजीएमयू मेडिसिन विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एमके मित्रा, रूमेटोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. पुनीत, एम्स दिल्ली के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. विजय हाड़ा तथा पीजीआई के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. जफर नियाज ने महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. निखिल गुप्ता, डॉ. ऋतु करौली और डॉ. मृदु और डॉ. भुवन चंद्र तिवारी आदि मौजूद रहें।

# निजी विद्यालय वेबसाइट पर बताएंगे कहां से खरीदें किताबें

- स्कूलों को अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करनी होगी जानकारी
- निगरानी के लिए शिक्षा विभाग ने समिति भी गठित की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** निजी स्कूलों की बेलगाम फीस और मनमाने तरीके से स्टेशनरी, किताब-कॉपी, यूनिफार्म की व्यवस्था पर लगाम की तैयारी कर ली गई है। स्कूलों को अब फीस से लेकर यूनिफार्म, स्टेशनरी और किताबों-कापियों की पूरी जानकारी स्कूल की वेबसाइट पर प्रदर्शित करनी होगी। ये भी बताना होगा कि कापी-किताबें किन दुकानों पर किस रेट में उपलब्ध हैं। विद्यालयों को निर्धारित मूल्य सूची भी विद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करनी होगी। निगरानी के लिए शिक्षा विभाग ने कमेटी भी गठित कर दी है।

शिक्षा विभाग की निगरानी टीम स्कूलों पर नजर रखेगी साथ नियमों के पालन की जांच करेगी। इसके अलावा, नए सत्र में फीस वृद्धि पर भी विभाग की नजर रहेगी। अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी सामान खरीद सकेंगे। स्कूलों पर सख्ती अधिक कीमत वसूलने और एक ही दुकान से खरीदने के दबाव की शिकायतों के बाद शासन ने सख्ती शुरू की है। शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि कोई भी स्कूल अभिभावकों को किसी खास दुकान से सामान खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह यूपी बोर्ड की पुस्तकों, के लिए पहले ही प्रकाशक और विक्रेता निर्धारित किए जा चुके हैं। तय की गई दुकानों पर निर्धारित रेट पर पुस्तकें और अन्य सामग्री क्रय की जाएगी। अधिक कीमत वसूलने वाले विक्रेताओं पर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

### स्कूल बंदी के खिलाफ आंदोलन

- **अमृत विचार, लखनऊ:** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने स्कूल बंदी और शिक्षा के बढ़ते निजीकरण के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। इसी क्रम में लखनऊ के उदयगंज स्थित कैप्टन लक्ष्मी सहगल भवन में आओ मिलकर लड़ाई करें, स्कूल बचाएं और पढ़ाई करें नारे के साथ उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एसएफआई के अखिल भारतीय अध्यक्ष आदर्श एम साजी ने किया।

## सिटी ब्रीफ

### मासूम को दवा की ओवरडोज का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा क्षेत्र के कुर्सी रोड स्थित एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा है, जिससे पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मामले की शिकायत जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की गई है, जिसके बाद जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मोहम्मदपुर खत्री निवासी कुलदीप यादव के अनुसार उनकी बेटी कुमुद को बुखार और उल्टी-दस्त की शिकायत पर 18 अप्रैल को मैकाले तिराहा स्थित राघवंश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि इलाज के दौरान गलत दवाएं दी गईं, जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों का कहना है कि दवाओं के ओवरडोज के कारण बच्ची के किडनी और लिवर ने काम करना बंद कर दिया। स्थिति गंभीर होने पर परिजनों ने दूसरे अस्पताल रेफर करने की मांग की। 21 अप्रैल को उसे दूसरे निजी अस्पताल भेजा गया, जहां से विवेकानंद अस्पताल रेफर किया गया। वहां पहुंचते ही बच्ची की मौत हो गई। पिता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने कहा कि जांच कराई जाएगी और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों से इनकार किया है।

### धान बीज लेकर कंपनी के हड़पे पांच लाख

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र में धान बीज की आपूर्ति के नाम पर हैदरबाद स्थित कंपनी के डॉयरेक्टर ने करीब पांच लाख की धोखाधड़ी की शिकायत की है। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद के आदेश पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तेलंगाना के मेडचल निवासी व हैदराबाद स्थित एंड्रोजेनस एग्रो साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर कमल किशोर गुप्ता ने बताया कि कंपनी से मई 2025 में करीब 6.90 लाख रुपये कीमत का धान बीज कानपुर नगर के चम्पतपुर चौबेपुर स्थित ट्रांसपोर्ट के माध्यम से लखनऊ स्थित ट्रांसपोर्ट नगर भेजा था। जिसे लखनऊ के जानकीपुरम स्थित शिव विहार कॉलोनी सेक्टर-आई निवासी राजेश सिंह बिना बताए उठा ले गए। पीड़ित का कहना है कि बाद में राजेश सिंह से संपर्क करने पर उन्होंने लिखित समझौता करते हुए जल्द ही पूरा भुगतान करने का आश्वासन दिया था। लेकिन तय समय सीमा के भीतर केवल 2 लाख रुपये ही दिए, जबकि शेष 4.90 लाख रुपये अब तक बकाया हैं। पीड़ित का आरोप है कि बकाया भुगतान मांगने पर आरोपी ने टालमटोल कर गाली-गलौज की। सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो के खातों से उड़ाए 5.86 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** साइबर जालसाजों ने व्यवसायी समेत दो लोगों के खातों से 5.86 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं नेट बैंकिंग के जरिए तो कहीं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ठगी की गई। दोनों मामले सुशांत गोल्फ सिटी और बीबीडी थाने में दर्ज किए गए हैं। पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर-7 स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना निवासी मनीष तिवारी के खाते से 21 अप्रैल को जालसाजों ने नेट बैंकिंग के जरिए 4,89,344 रुपये निकाल लिए। रकम शाम साढ़े सात से पौने दस बजे के बीच कई बार में निकाली गई। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी को ओटीपी या बैंकिंग जानकारी साझा नहीं की थी। वहीं, बीबीडी के ओमेगा ग्रीन विंडसर अपार्टमेंट निवासी प्रमोद कुमार के क्रेडिट कार्ड से 5 अप्रैल की देर रात 96,958 रुपये निकाल लिए गए। ठगी की जानकारी होने पर दोनों पीड़ितों ने संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रसोई घर और गैराज में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुडंबा के कुर्सी रोड और गोमती नगर के नेहरू एन्क्लेव में रविवार को आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की टीमों ने आग पर काबू पाया। दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि सामान जलकर राख हो गया। एफएसओ इंदिरा नगर के अनुसार शनिवार देर रात कुर्सी रोड स्थित शादियाना लॉन के पास यादव भोजनालय में आग लग गई। दमकल के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग बुझा ली थी। आग से होटल में रखा सामान जल गया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, गोमती नगर के नेहरू एन्क्लेव में रविवार सुबह एक गैराज में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने हौज पाइप की मदद से आग बुझाई और आसपास के मकानों को सुरक्षित बचा लिया। अधिकारियों के मुताबिक कूड़े में उठी चिंगारी से आग फैलने की संभावना है।

# मेडिकल छात्र की तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने ली युवक की जान, दो लोग घायल

## स्कूटी सवार तीन दोस्तों को टक्कर मारते हुए चाय की दुकान में घुसी कार

- **हादसे के बाद भाग रहे मेडिकल छात्र को भीड़ ने पकड़कर पुलिस को सौंपा**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैसरबाग स्थित रतन स्क्वायर के पास शनिवार देर रात बेकाबू फॉच्यूनर कार स्कूटी सवार तीन लोगों को टक्कर मारते हुए एक चाय की दुकान में जा घुसी। हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद भाग रहे कार सवार मेडिकल छात्र को भीड़ ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची कैसरबाग पुलिस ने दोनों घायलों को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आरोपी मेडिकल छात्र को गिरफ्तार कर लिया है।

मूल रूप से बिहार के सीतामढ़ी निवासी सुशील कुमार सोनी (28) गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित रविंद्रपल्ली में मां और भाई संग रहते थे। वह नीलगिरि काम्प्लेक्स में एक दुकान पर सेल्समैन की नौकरी करते थे। मामा मोहन ने बताया कि शनिवार रात भांजा सुशील अपने दोस्त हेमंत और सूरज संग किसी काम से चारबाग के लिए निकला था। वापसी आते वक्त रतन स्क्वायर के पास चाय पीने के लिए तीनों रुक गए। चाय पीने के बाद वह स्कूटी स्टार्ट करने लगा, तभी बेकाबू फॉच्यूनर कार ने तीनों को टक्कर मार दी। उसके बाद कार एक चाय की दुकान में जा घुसी।

हादसे में सुशील की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों घायल हो गए। घटना देखकर लोगों की भीड़ लग गई। घटना के बाद फॉच्यूनर सवार मेडिकल छात्र मौके से भागने लगा। भीड़ ने उसे दबोच लिया और जमकर धुनाई की। राहगीरों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही कैसरबाग पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घायलों से सुशील के परिजन का मोबाइल नंबर लेकर घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे।

कैसरबाग इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक सुशील के मालिक रविंद्रपल्ली निवासी ऋषि मेहरा की तहरीर पर कार नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वासिद सईद निवासी चौक प्रयागराज बताया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी पीजीआई से इंटर्नशिप कर रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### कार में फंसकर घिसटता रहा सुशील

- प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब आरोपी कार चालक को पकड़ा गया तो वह नशे में प्रतीत हो रहा था। उसने पहले स्कूटी में टक्कर मारी। भागने के प्रयास में सुशील कार में फंस गया और करीब बीस फुट तक सड़क पर घिसटता रहा। इसके बाद कार कुछ दूर जाकर एक चाय की दुकान में जा घुसी। हादसे में दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# वैन चालक ने अचानक खोला दरवाजा टकराकर स्कूटी सवार व्यापारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट स्थित यादव ढाबे के पास रविवार दोपहर वैन चालक द्वारा थूकने के लिए अचानक दरवाजा खोलने से बड़ा हादसा हो गया। पीछे से आ रहे स्कूटी सवार स्टेशनरी व्यापारी दरवाजे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक वैन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इंदिरानगर के शक्तिनगर निवासी शौनक शुक्ला (50) स्टेशनरी की दुकान चलाते थे। परिवार में पत्नी राधा शुक्ला और दो बच्चे हैं। भाई इंद्रदेव शुक्ला के मुताबिक, रविवार दोपहर शौनक मटियारी स्थित अपने हॉस्टल किसी काम से जा रहे थे। रास्ते में यादव ढाबे के पास आगे चल रही ईको वैन के चालक ने अचानक थूकने के लिए दरवाजा खोल दिया, जिससे स्कूटी सवार शौनक का सिर दरवाजे से टकरा गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। ईको चालक राहगीरों की मदद से शौनक को लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चालक वैन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची चिनहट पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी लेकर मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।


इसी वैन से हुआ हादसा (इनसेट में) मृतक शौनक शुक्ला। अमृत विचार

- **अस्पताल में वैन छोड़कर भागा चालक**
- **चिनहट स्थित यादव ढाबे के पास हुई घटना**

# बस से गिरे हाईकोर्ट के रिटायर्ड पेशकार पहिए के नीचे आए, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मदेयगंज स्थित खदरा चुंगी के पास रविवार सुबह रोडवेज बस से उतरते समय हाईकोर्ट के रिटायर्ड पेशकार असंतुलित होकर सड़क पर गिर गए। जब तक वह संभल पाते, चालक ने बस आगे बढ़ा दी और पहिए के नीचे आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। चालक बस छोड़कर फरार हो गया, जबकि भीड़ ने परिचालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बस को कब्जे में ले लिया।

- **चालक बस छोड़कर मौके से भागा, परिचालक को भीड़ ने दबोचा**
- **बस से उतरते वक्त हुआ हादसा मदेयगंज स्थित खदरा चुंगी की घटना**



खदरा निवासी अवधेश कुमार मिश्रा (72) अपने साथी कमलेश के साथ किसी काम से दिल्ली गए थे। शनिवार रात दोनों रोडवेज बस से लखनऊ लौट रहे थे। रविवार सुबह करीब सात बजे बस खदरा चुंगी के पास पहुंची। सवारी उतारने के लिए चालक ने बस धीमी की, इस दौरान कमलेश उतर गए, लेकिन अवधेश उतरते समय सीढ़ी पर असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े। इसी बीच चालक ने रफ्तार बढ़ा दी, जिससे वह बस के पहिए के नीचे आ गए।

हादसा देख राहगीर मौके पर दौड़े और डॉयल-112 पर सूचना दी। मदेयगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के साथी से परिजनों का नंबर लेकर उन्हें जानकारी दी। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार सिंह के अनुसार अभी परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से अधेड़ की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट के हिम सिटी कॉलोनी निवासी जफर आजम (54) की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में मामला लाइसेंसी पिस्तौल से खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

मूल रूप से आजमगढ़ निवासी जफर आजम परिवार के साथ हिम सिटी कॉलोनी में रहते थे और आजमगढ़ में उनकी काफी संपत्ति भी है। रविवार दोपहर कमरे से गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे तो जफर खून से लथपथ पड़े थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए। घटनास्थल से एक लाइसेंसी पिस्तौल बरामद हुई है।

गंभीर हालत में जफर को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार जफर कुछ समय से अवसाद से जूझ रहे थे और उनका इलाज चल रहा था।

इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए जांच जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



इसी बिल्डिंग में हुई घटना। अमृत विचार

- **चिनहट के हिम सिटी कॉलोनी में हुई घटना, खुदकुशी मान पुलिस कर रही जांच**

### आजमगढ़ के राजशाही परिवार के थे जफर

- इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक जफर आजम सिटी कोर्ट, आजमगढ़ के रहने वाले थे। उनका एक बेटा मेहर और एक बेटी सारा है। वह करीब 8 साल से चिनहट इलाके में दूसरी पत्नी और बच्चों के साथ रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक पहली पत्नी से बेटा और दूसरी पत्नी से बेटी है। पुलिस ने बताया कि जफर आजम के सिर में गोली लगी है। मामले की जांच की जा रही है।

# जाली वसीयत बनाकर किया प्लॉट का सौदा, वृद्धा से ऐंठे 10 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीबीडी क्षेत्र में तिरुपति होम्स में प्लॉट बेचने का झांसा देकर बुजुर्ग महिला से 10 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। अयोध्या निवासी 67 वर्षीय विमला देवी ने बताया कि उनकी बेटी अनौरा कला स्थित तिरुपति होम्स में रहती है। वर्ष 2022 में उन्होंने पास में प्लॉट खरीदने की इच्छा जताई। इसी दौरान उमाशंकर मिश्रा ने 3150 वर्गफीट का प्लॉट दिखाते हुए बताया कि यह स्व. ऋषिराज पहवा का है और उनकी मां रजनी पहवा इसे बेचना चाहती हैं। इसके बाद विमला की मुलाकात रजनी से कराई गई और 10 अप्रैल को बयाने के रूप में 10 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए।

आरोप है कि एक सप्ताह में बैनामा करने का आश्वासन देने के बाद टालमटोल शुरू कर दी गई। इसी बीच एक महिला रितिका पहवा ने खुद को ऋषिराज की पत्नी बताते हुए प्लॉट पर अपना हक जताया। उसने प्लॉट 21 लाख में बेचने का प्रस्ताव दिया, जिस पर विमला ने उससे सेल डीड करा ली और बाउंड्री भी बनवा ली। इसके बाद रजनी और उमाशंकर ने धमकी दी कि रितिका को कोई अधिकार नहीं है और वसीयत उनके नाम है। जांच में पता चला कि वसीयत फर्जी है और ऋषिराज की मौत के बाद तैयार कराई गई थी। पीड़िता ने रुपये वापस मांगे तो धमकाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बेकाबू कार ने बाइक में मारी टक्कर, जीजा-साले की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीबीडी स्थित अनौरा फ्लाईओवर पर शादी से लौट रहे जीजा-साले की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार सवार मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि परिजन ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

बाराबंकी स्थित दक्षिण टोला इलाके में श्रवण कुमार लोधी (38) और उनका साला राजेश कुमार (33) बाराबंकी स्थित ओबरी गांव में रहता था। दोनों प्राइवेट नौकरी करते थे। भाई राकेश ने बताया कि राजेश शनिवार देर शाम पॉलिटेक्निक चौराहे के पास बहनोई श्रवण कुमार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से गए था। वहां से देर रात घर लौटते समय बीबीडी स्थित अनौरा फ्लाईओवर पर सामने से आ रही बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मार दी।

- **शादी से लौट रहे थे दोनों, हादसे के बाद चालक फरार**

टक्कर इतनी तेज थी कि श्रवण और राजेश बाइक से उछल कर सड़क पर जा गिरे। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राजेश और श्रवण को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल से परिवारवालों को हादसे की सूचना दी।

जानकारी मिलते ही घरवाले भी अस्पताल पहुंच गए। परिवारवालों ने बताया कि श्रवण के परिवार में पत्नी शांति और दो बेटियां हैं। जबकि राजेश की पत्नी रीना और दो बेटे हैं।

# हस्साम के फाउंडेशन को अस्पतालों से होती थी फंडिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केजीएमयू से गिरफ्तार 12वीं पास फर्जी डॉक्टर हस्साम के कार्डियो सेवा फाउंडेशन को कई अस्पतालों से फंडिंग की जा रही थी। इसी रकम से हस्साम मुस्लिम बस्तियों में स्वास्थ्य कैंप लगाए जाते थे।

पुलिस की रडार पर पांच डॉक्टर व तीन अस्पताल हैं। उनके खिलाफ चौक पुलिस साक्ष्य संकलन कर रही है। साक्ष्य मिलते ही पुलिस दर्ज एफआईआर में उन डॉक्टरों का भी नाम शामिल कर कार्रवाई करेगी। पुलिस एफएसलए में भेजे गए आरोपी के मोबाइल की फॉरेंसिक रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। हस्साम ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर अपने गिरोह को संगठित कर रखा था, जिसके जरिए वह लेनदेन और संपर्क बनाए रखता था। उसने अलग-अलग जिलों में अपने लोग तैनात कर रखे थे, जो अस्पतालों में सक्रिय रहकर मरीजों को तय डाक्टरों तक पहुंचाते थे।

पुलिस अब हस्साम और उसके सहयोगियों के बैंक खातों की जांच कर रही है। साथ ही कुछ संदिग्ध डाक्टरों और एक टेक्नीशियन की तलाश की जा रही है, जिनके मोबाइल फोन बंद हैं। पुलिस उसके ऑनलाइन नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

- **कई डॉक्टर व अस्पताल पुलिस की रडार पर**

खबर का असर | बिना पंजीकरण चल रहा था ट्रेनिंग स्कूल

# फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूल पर कार्रवाई, अनफिट कार सीज

- **दो साल से फिटनेस, प्रदूषण और बीमा नहीं**


शहर में फैला फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूलों का जाल

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर में फर्जी मोटर ट्रेनिंग स्कूलों पर प्रकाशित खबर के बाद परिवहन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार को प्रवर्तन टीम ने बीकेटी क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे एक ट्रेनिंग स्कूल पर छापा मारकर अनफिट कार को सीज कर दिया और संचालक के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है।

एआरटीओ प्रवर्तन आलोक यादव के नेतृत्व में जांच के दौरान सिद्धि विनायक मोटर ट्रेनिंग स्कूल का बोर्ड लगी कार रोकी गई। जांच में वाहन की फिटनेस 5 अगस्त 2024, प्रदूषण प्रमाणपत्र 15 सितंबर 2024 और बीमा 13 मार्च 2024 से समाप्त पाया गया। मौके पर मौजूद धर्म वर्मा और राजेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने 15 दिन की ट्रेनिंग के लिए 3000-3000 रुपये जमा किए थे।

जांच में यह भी सामने आया कि प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल कार निजी वाहन है, जो राजाजीपुरम निवासी आदर्श कुमार के नाम पंजीकृत है। एआरटीओ ने बताया कि स्कूल का कोई वैध पंजीकरण नहीं मिला।



कार को सीज करते एआरटीओ आलोक यादव। अमृत विचार

# शेयर ट्रेडिंग में फंसाकर रिटायर्ड रक्षा अधिकारी से ठगे 45 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिटायर्ड रक्षा अधिकारी को शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर जालसाजों ने 45.10 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने खुद को सेबी पंजीकृत कंपनी बताते हुए आरबीके पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) एप के जरिए निवेश कराया। अधिक मुनाफा दिखाकर पीड़ित को झांसे में लिया गया और बाद में खाता फ्रीज कर दिया गया।

अलीगंज निवासी 70 वर्षीय राकेश कुमार ने बताया कि 8 दिसंबर 2025 को उनकी बात खुद को आरबीके शेयर ब्रोकिंग लिमिटेड, मुंबई का प्रतिनिधि बताने वाले लोगों से हुई। उन्होंने भारत डिजिटल प्लान के तहत ब्लॉक डील, आईपीओ और एफपीओ में निवेश पर 25-30 प्रतिशत लाभ का भरोसा दिलाया। इसके बाद उनसे गूगल प्ले स्टोर से आरबीके पीएमएस प्रो एप डाउनलोड कराकर खाता खुलवाया गया।

- **पीएमएस एप के झांसे में फंसाकर रुपये कराए ट्रांसफर**
- **भारत डिजिटल प्लान में निवेश पर 30 प्रतिशत मुनाफे का दिया था आश्वासन**
- **पीड़ित ने अलीगंज थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट**




जालसाजों के कहने पर राकेश ने आईसीआईसीआई बैंक खाते से अलग-अलग नोडल खातों में किस्तों में 45.10 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। व्हाट्सएप ग्रुप और एप पर मुनाफा दिखाया जाता रहा, जिससे उनका भरोसा बढ़ता गया। फरवरी 2026 में एप पर उनकी संपत्ति करीब 10.99 करोड़ रुपये दिखाई गई।

जब उन्होंने 50 लाख रुपये निकालने का प्रयास किया तो 22 लाख रुपये चैनल एक्टिवेशन शुल्क मांगा गया। इंकार करने पर खाता फ्रीज कर दिया गया और दोबारा 3 लाख रुपये जमा करने का दबाव बनाया गया। पीड़ित ने अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है।

**नागपुर में भी दर्ज है रिपोर्ट:** पीड़ित के अनुसार नागपुर साइबर पुलिस ने भी सूचना दी कि जिस कंपनी में पैसा जमा किया गया, वह फर्जी है और उसके खिलाफ 2024 में मामला दर्ज है।

सिटी ब्रीफ

## भारत अकादमी में प्रदर्शनी का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** नौबस्ता स्थित भारत अकादमी में वार्षिक मेला, आर्ट, क्राफ्ट और साइंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक व अशोक मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्यों ने कबूतर और तिरंगा गुब्बारे उड़ाकर किया। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मॉडल, कलाकृतियां और वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में आए अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में शैक्षिक और रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

## लखनऊ से हज के लिए 428 यात्री रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ:** हज के लिए रविवार को लखनऊ हवाई अड्डे से छठवें विमान से 232 पुरुष और 196 महिलाओं समेत 428 यात्री सऊदी अरब रवाना हुए। विमान का समय दोपहर 3 :55 था, लेकिन बाद में शाम को 7 :00 बजे कर दिया गया। लखनऊ से उड़ान भरने वाले विमान में सबसे ज्यादा 63 यात्री वाराणसी, 45 आज़मगढ़, 39अयोध्या , 28 सिद्धार्थनगर के रहे। बिहार से 11, महाराष्ट्र से 8, मध्य प्रदेश से 4, दिल्ली के 3 यात्री इस उड़ान से रवाना हुए। छठी उड़ान से हज यात्रियों की सुविधा के लिए 3 स्टेट हज इंस्पेक्टर शमशाद (पीलीभीत), ज़ाकिर नसीम (जौनपुर) व मोहम्मद फरहान (शाहजहांपुर) ज़िले के हैं। दिल्ली से सऊदी एयरलाइंस के विमान से शाम को 7 :20 पर 235 हज यात्री मदीना रवाना हुए। इनमें 125 पुरुष और 110 महिलाएं शामिल रहीं। सबसे अधिक 48 हज यात्री अलीगढ़ के, मुरादाबाद के 35, मेरठ के 25, व शामली के 28 हज यात्री रवाना हुए। इस उड़ान से हज यात्रियों के साथ दो स्टेट हज इंस्पेक्टर मोहम्मद रिजवान (बिजनौर) और वलीउल्लाह (भदोही) भी रवाना हुए।





ऐशबाग रामलीला मैदान के आयोजन में एक दूसरे को जयमाला पहनाते वर-वधू और विवाह की रस्में पूरी करते जोड़े। अमृत विचार

# दो सम्मेलनों में विवाह बंधन में बंधे 176 जोड़े

## एलडीए कॉलोनी दशहरा पार्क और दुर्गा जी मंदिर कल्याण मंडप में कराए गए सामूहिक विवाह समारोह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर में रविवार को कराए गए दो सामूहिक सर्वजातीय विवाह सम्मेलनों 176 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। एक आयोजन मानव एकता एसोसिएशन ने एलडीए कॉलोनी दशहरा पार्क में कराया और दूसरे आयोजन दुर्गा जी मंदिर कल्याण मंडप में हुआ।

दशहरा पार्क में बैण्ड-बाजों के साथ दूल्हे विवाह स्थल पर पहुंचे। द्वारचार के बाद जयमाल की रस्म अदा की गई और फिर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंडप में विवाह की सभी रस्में पूरी की गईं। नवविवाहित जोड़ों ने कन्या भ्रूण हत्या न करने और नशामुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष एलपी सिंह, संरक्षक गौरव वर्मा, समाजसेवी एवं अधिवक्ता मोहित मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



दुर्गा जी मंदिर कल्याण मंडप में नवयुगल और अन्य लोग। अमृत विचार

दुर्गा जी मंदिर कल्याण मंडप में निर्धन एवं असहाय वर्ग के 25 जोड़ों के विवाह कराए गए। शाम को 7 बजे दुर्गा जी मंदिर से सामूहिक बारात विवाह स्थल ऐशबाग रामलीला ग्राउंड पहुंची। 25 दूल्हे अलग-अलग बग्घियों में सवार थे।रास्ते भर समाज के लोगों ने बारातियों पर पुष्प वर्षा समाज की। शाम करीब 9 बजे राम चरित मानस की चौपाइयों के उच्चारण के बीच वरमाला कार्यक्रम शुरू हुआ। मंदिर की महिला सदस्यों ने मां दुर्गा के भजनों का गायन किया। मुख्य अतिथि के रूप में रंगमहल अयोध्या के पीठाधीश्वर परम पूज्य महंत राम शरण दास ने नव युगलों को आशीर्वाद दिया। युगलों को समाज की ओर से उपहार में वस्त्र, आभूषण, बर्तन एवं अनेक जीवन उपयोगी सामग्री दी गई। ताराचंद अग्रवाल, प्रदीप शुक्ला, अनिल अग्रवाल, राम नरेश मिश्र, पवन अग्रवाल, रामकिशन जायसवाल, राजेंद्र गोयल, अजय गुप्ता, अनूप गुप्ता के अलावा 1000 से अधिक बाराती और घराती शामिल रहे।

# व्हाट्सएप ग्रुप पर मास्टर ट्रेनर से जुड़ेंगे जनगणना कर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी/नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जनगणना प्रशिक्षण के दौरान कहा कि प्रगणक और सुपरवाइजर का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर मास्टर ट्रेनों से जोड़ा जाए। आवश्यकता पड़ने पर किसी तरह की जानकारी या मार्गदर्शन तुरंत मिलेगा। नगर आयुक्त ने रविवार को शहर के जोन-5 स्थित इंडिया लिटरेसी बोर्ड व जोन-2 स्थित ईदगाह परिसर में चल रहे प्रशिक्षण सत्रों का निरीक्षण किया।

कक्षाओं में जाकर प्रगणकों और सुपरवाइजर से संवाद किया और उन्हें जनगणना कार्य के महत्व बताए। कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर भविष्य की नीतियों और योजनाओं का निर्माण होता है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अनुपस्थित रहने पर निलंबन के साथ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। प्रशिक्षित और जिम्मेदार कर्मी ही जनगणना प्रक्रिया को सफल बना सकते हैं। उधर, नगर में जनगणना प्रशिक्षण केंद्रों का अफसरों ने निरीक्षण किया। प्रशिक्षण सत्र में बड़ी संख्या में कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जारी आंकड़ों के अनुसार, जोन-2 में 300 में 112 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। इसी तरह जोन-3 में 450 में से 178, जोन-5 में 135 में से 47 व जोन-6 में 581 में से 181 प्रगणक और सुपरवाइजर प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए। इन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे और संतोषजनक जवाब न मिलने पर निलंबन किया जाएगा। वहीं, इतने बड़े पैमाने पर अनुपस्थिति को प्रशासन ने गंभीरता से लिया। स्पष्ट किया कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के तहत यदि कोई नियुक्त अधिकारी बिना उचित कारण अपने कर्तव्यों से इनकार करता है या लापरवाही बरतता है, तो दोषी पाए जाने पर तीन वर्ष तक की सजा, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। अनुपस्थिति या कार्य से इनकार करने पर तत्काल विभागीय कार्रवाई के साथ एफआईआर दर्ज की जाएगी।



जनगणना प्रशिक्षण केंद्र में कर्मियों को जानकारी देते नगर आयुक्त गौरव कुमार।

# कॉरपोरेट गवर्नेंस और धारा 185 पर गंभीर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी में 20 हजार से अधिक छात्र जुड़े

**अमृत विचार:** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के लखनऊ चैप्टर ने उच्चस्तरीय सेमिनार का आयोजन किया। इसमें कॉरपोरेट गवर्नेंस, बोर्डरूम के कानूनी वातावरण और कंपनियों में बढ़ती विधिक जटिलताओं पर मंथन किया गया।

मुख्य अतिथि आईसीएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएस पवन चंडक ने कहा कि मजबूत कॉरपोरेट गवर्नेंस किसी भी कंपनी की स्थिरता और विश्वसनीयता की आधारशिला होती है। उन्होंने कंपनी सेक्रेटरी पेशे को एक उत्कृष्ट करियर विकल्प बताते हुए कहा कि यह कम लागत में बेहतर अवसर प्रदान करता है और सीधे निदेशक मंडल स्तर पर कार्य करने का मौका देता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में आईसीएसआई के 4,845 सदस्य हैं, जबकि 20,411 छात्र इस पाठ्यक्रम से जुड़े हैं, जिनमें से 3,309 छात्र केवल लखनऊ में अध्ययनरत हैं। तकनीकी सत्र में सीएस कालीदास रामास्वामी ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 185 के तहत निदेशकों को ऋण देने से जुड़े प्रावधानों, कानूनी जोखिमों और अनुपालन की जटिलताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीएस अभिषेक सिन्हा, सीएस शोभित रस्तोगी और सीएस हिमांद्री वर्मा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।




चर्चा करते आईसीएसआई के सदस्य।



अटल की कविताओं पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

# अटल की कविताओं पर हुई नृत्य नाटिका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 52वीं पुण्यतिथि एवं उनकी कालजयी कृति रश्मिरथी के हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय रश्मिरथी पर्व का रविवार की शाम को समापन हो गया।



नाटक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का मंचन करते कलाकार।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहभागिता की। 24 अप्रैल को शुरू हुए इस तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीयता की चेतना को और अधिक सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को प्रभावित किया। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के प्रेरक जीवन संघर्षों को जीवंत करती नाट्य प्रस्तुति लोकमान्य तिलक का मंचन किया गया। इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 10 कालजयी कविताओं पर आधारित संगीतमय नृत्य नाटिका अटल स्वरांजलि की प्रस्तुति अत्यंत हृदयस्पर्शी और प्रेरणादायक रही। समापन समारोह में उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे की मौजूदगी रही।

## मारवाड़ी युवा मंच की महिला शाखा की नई कार्यकारिणी ने कार्यभार संभाला

**अमृत विचार, लखनऊ:** हजरतगंज स्थित एक रेस्टोरेंट में मारवाड़ी युवा मंच (श्रद्धा) महिला शाखा की नई कार्यकारिणी गठित की गई। इसमें सत्र 2026-27 के पदाधिकारियों का चयन किया गया। पूर्व अध्यक्ष दीप्ती मित्तल ने नवगठित कार्यकारिणी की अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, सचिव वर्षा सिंघानिया और कोषाध्यक्ष इंदु अग्रवाल को कार्यभार सौंपा। बैठक में नये सत्र के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सभी पूर्व पदाधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए। सभी सदस्यों ने मंच के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कार्य करने की शपथ ली। जिसमें लखनऊ स्थित वृद्धाश्रम व दिव्यांगनों की सेवा, मलिन बस्तियों में रह-रहे बच्चों को शिक्षा, आपात स्थिति में जनसामान्य की सेवा इत्यादि विषयों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि जल्द ही संस्था का एक शिष्टमंडल राज्यपाल से मिलकर उन्हें संस्था के उद्देश्यों से अवगत कराएगा और जनसेवा में कार्य कैसे किया जाए, इस संबंध में उनका मार्गदर्शन प्राप्त करेगा। मंच की प्रदेश भर में लगभग 30 महिला शाखायें हैं। जिसका मुख्य कार्यालय गोरखपुर में है। कार्यक्रम में सीमा अग्रवाल, प्रतिमा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, जूली टेकरीवाल, सौम्या अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आदि ने अपने विचार रखे।

सिटी डायरी




कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित डॉक्टर और मरीज।

## डॉ. केयर होम्योपैथी हॉस्पिटल में थैंक यू डॉक्टर कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार,लखनऊ:** इंदिरानगर स्थित डॉ. केयर होम्योपैथी हॉस्पिटल में मरीजों और चिकित्सकों के सम्मान में थैंक यू डॉक्टर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने पुराने और नए मरीजों को आमंत्रित कर उनसे संवाद किया और उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ ने मरीजों को सर्टिफिकेट, मोमेंटो और उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी अतिथियों के लिए स्नैक्स और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य डॉक्टरों और मरीजों के बीच विश्वास, अपनापन और सम्मान के रिश्ते को और मजबूत करना रहा। मौजूद मरीजों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें यह एहसास होता है कि डॉक्टर सिर्फ इलाज ही नहीं, बल्कि उनकी भावनाओं का भी ख्याल रखते हैं।



हलवासिया कोर्ट में मन की बात को सुनते मंत्री स्वतंत्र देव व अन्य।

## भाजपाइयों ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने रविवार को बूथ स्तर पर सुना। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 34 स्थित डीवीएल लॉन,बुद्धेश्वर चौराहा पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मौजूद रहे। मध्य विस के बूथ 253, हलवासिया कोर्ट हजरतगंज में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एमएलसी अनूप गुप्ता ने बीकेटी विस क्षेत्र के चिनहट स्थित बूथ संख्या 470 पर, उत्तर विधायक डॉ. नीरज बोरा उत्तर मंडल एक के बूथ संख्या 18 पर, पूर्व विधायक ओपी श्रीवास्तव ने पूरब मंडल एक, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री के विचार सुने।




प्रेस वार्ता करते सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. क्षेत्रपाल गंगवार व अन्य।

## जातिवार गणना को उठाई आवाज

**अमृत विचार,लखनऊ:** सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच ने अन्य पिछड़ा वर्ग की सटीक जनगणना सुनिश्चित करने के लिए आवाज़ बुलंद की है। महामंत्री जगदीश शरण गंगवार ने उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता में बताया कि उत्तर प्रदेश में कुर्मी समाज की जनसंख्या 12 प्रतिशत से अधिक है। समाज प्रदेश की 300 विधानसभा सीटों पर हार-जीत तय करने की क्षमता रखता है और वर्तमान में भी बड़ी संख्या में इस समाज के प्रतिनिधि सदन में मौजूद हैं। जनगणना-2026 की विसंगतियों के अंतर्गत भारत सरकार के महारजिस्ट्रार ने 22 जनवरी 2026 से शुरू होने वाली जनगणना के प्रारूप पर मंच ने आपत्ति जताई है।



चबूतरा थियेटर पाठशाला में प्रशिक्षण लेते बच्चे।

## बच्चे दिखाएंगे प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** तकरोही, इंदिरा नगर स्थित वाल्मीकि पार्क में मदर सेवा संस्थान की आरे से संचालित चबूतरा थियेटर पाठशाला की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में बच्चों ने रचनात्मकता और उत्साह से चार चांद लगा दिए। प्रस्तुतियां चबूतरा थियेटर फेस्टिवल सीजन-10 के अंतर्गत मंच पर उतारी जाएंगी। कार्यशाला में तैयार सांस्कृतिक और नाट्य प्रस्तुतियों को अब एक बड़े मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा।

हक की आवाज

मोमिन अंसार सभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में बुलंद हुई सियासी भागीदारी की आवाज

# पसमांदा मुस्लिम नेता सभी दलों में महज रबर स्टांप : अकरम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश की राजनीतिक पार्टियां पसमांदा मुसलमानों की बात तो करती हैं, लेकिन न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है और न ही व्यापारिक समस्याओं का हल कराने की दिशा में काम। अपने हितों के लिए सभी दल अपनी अपनी पार्टी के चेहरों को रबर स्टाम्प की तरह इस्तेमाल कर पसमांदा मुसलमानों के साथ धोखा दे रहे हैं। पसमांदा नेताओं को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का पद देकर मुख्य विंग में बड़े पदों से दूर रखा जाता है। पसमांदा नेताओं के पास पार्टी के निर्णय में भागीदारी की ताकत नहीं होती और न ही उन्हें पसमांदा मुसलमानों की जमीनी समस्याओं की जानकारी होती है। ये




मोमिन अंसार सभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में विचार रखते राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी, साथ में अन्य। अमृत विचार

बात मोमिन अंसार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी ने पसमांदा समाजी सियासी बहार बचाओ सम्मेलन में कही।

मोमिन अंसार सभा का 16वां राष्ट्रीय पसमांदा समाजी सियासी बहार बचाओ सम्मेलन रविवार को रवीन्द्रालय में आयोजित किया गया। अध्यक्षता कर रहे सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी ने कहा कि पदाधिकारियों और सदस्यों की मेहनत से मोमिन अंसार सभा देश में भारत में बुनकर सहित पसमांदा मुसलमानों का सबसे बड़ा समाजी संगठन बन गया है।

इस सम्मेलन का आयोजन समाजी और सियामी वकार व इक़बाल बुलंद करने के लिए किया गया है।

उन्होंने कहा कि हमें अपनी आबादी के अनुपात में अपनी समाजी और सियासी हिस्सेदारी हासिल करना है, हमें सत्ता के निर्णयों में भागीदार बनना है, विधानसभाओं व लोकसभा जैसे सदन जहां से रोज़गार शिक्षा सुरक्षा बांटी जाती है इन सदनों में अपना हिस्सा हासिल करना है और समाज को उसका अधिकार दिलाना है। सम्मेलन में उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए।

### अबुजर,नबीला और समी सम्मानित

- सम्मेलन में सीतापुर के मोहम्मद अबुजर अंसारी को आईएएस बनने पर मोमिन अंसार सभा का फख्र-ए-अंसार अवार्ड से सम्मानित किया गया। लखनऊ की नबीला अंसारी को सीए बनने पर तालीमी अवार्ड दिया गया। पूर्व उप निदेशक सूचना सुहैल वहीद को समाजी खिदमात अवार्ड दिया गया। समाज सेवा के लिए समी अंसारी और मोहम्मद अहमद को मुमताज अंसारी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## सिटी ब्रीफ



### एप्रोच मार्ग न बनने से ग्रामीण परेशान

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज के हरकंशगढ़ी गांव में सरकारी तंत्र की बड़ी लापरवाही सामने आई है। किसान पथ से सटे इस इलाके में बसी दर्जनों कॉलोनियों और हरकंशगढ़ी व डालौना गांव के ग्रामीणों के लिए यह पुल लाइफलाइन था। स्थानीय निवासी राजेश, शत्रोहन, संतोष और संजीवन ने बताया कि रास्ता न होने के कारण लोग मजबूरी में हाईवे पर पुलिस चौकी के पास से उल्टी दिशा रॉन्ग साइड में वाहन चलाने को मजबूर हैं। पुल के पास ही एक निजी इंटर कॉलेज और सरकारी स्कूल स्थित है। रास्ता बंद होने से नन्हे-मुन्ने बच्चों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि हाईवे पर भारी वाहनों के बीच बच्चों का सफर हर वक्त जान जोखिम में डालने जैसा है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को लिखित शिकायत दी, लेकिन शिकायत दफ्तरों में धूल फांक रही हैं। अगर जल्द रास्ता नहीं बना, तो हम सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

### पोस्टपेड से किया प्रीपेड कनेक्शन, शिकायत

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उपभोक्ता अश्वनी कुमार मिश्रा ने ऊर्जा मंत्री से गुहार लगाई है। आरोप है कि बिना पूर्व सूचना उनके बिजली कनेक्शन को पोस्टपेड से प्रीपेड में बदल दिया गया और ऐप पर 3816 रुपये का बकाया दिखा दिया गया। पीड़ित के अनुसार, पीएम सूर्यघर योजना के तहत लगे सोलर सिस्टम से बनी करीब 350 यूनिट बिजली का समायोजन भी बिल में नहीं किया गया। इस पर नाराज उपभोक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# ग्रीन इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए एकेटीयू देगा एआई प्रशिक्षण

## अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार 2030 तक 2.4 करोड़ नई नौकरियां होंगी सृजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भविष्य के लिए ग्रीन इकॉनोमी दुनिया के लिए होगा नया लक्ष्य



**अमृत विचार :** इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन के अनुसार ग्रीन इकोनॉमी से अगले चार साल में 2.4 करोड़ नौकरियां पैदा होंगी, जिनमें सर्वाधिक अवसर भारत जैसे देशों में होने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ग्रीन इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए एआई आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। एकेटीयू और आईएमआईएम की यह पहल एआई आधारित सस्टेनेबिलिटी इंटर्नशिप के जरिए छात्रों को भविष्य के रोजगार के लिए तैयार करेगी। "एआई फॉर सस्टेनेबिलिटी" विषय पर 6 सप्ताह की वर्चुअल इंटर्नशिप आयोजित होगी, जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सहयोग से संचालित की जाएगी। इसमें छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सस्टेनेबिलिटी जैसे उभरते क्षेत्रों में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को वास्तविक जीवन से जुड़ी समस्याओं पर आधारित प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। वे पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी और संसाधनों के कुशल उपयोग जैसे विषयों पर समाधान विकसित करेंगे। विशेषज्ञों द्वारा निरंतर मेंटरशिप और मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे छात्र अपने प्रोजेक्ट्स को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें और व्यावहारिक समझ विकसित कर सकें। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इससे छात्र "क्लाइमेट-रेडी" प्रोफेशनल बन सकेंगे।

### यह प्रशिक्षण मिलेगा

- इंटर्नशिप के तहत छात्रों को सिमुलेटेड कंसल्टिंग प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। साथ ही डेटा एनालिसिस टूल्स का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे वे अपने प्रोजेक्ट्स को अधिक प्रभावी बना सकें और भविष्य में इन कौशलों का उपयोग कर सकें।

**हरित अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार होंगे छात्र :** जलवायु परिवर्तन वैश्विक चुनौती बन चुका है, जिससे निपटने के लिए कुशल मानव संसाधन की मांग बढ़ रही है। यह इंटर्नशिप छात्रों को हरित अर्थव्यवस्था के अनुरूप कौशल विकसित करने का अवसर देगी, जिससे वे इलेक्ट्रिक वाहन, सोलर पावर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में करियर बना सकेंगे।

**आईएलओ के अनुसार करोड़ों नौकरियां होंगी सृजित :** अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार वर्ष 2030 तक ग्रीन इकोनॉमी में लगभग 2.4 करोड़ नई नौकरियां सृजित होंगी, जिनमें से 84 लाख विकासशील देशों में होंगी। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 3.8 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि सस्टेनेबिलिटी से जुड़े क्षेत्रों में करियर की अपार संभावनाएं हैं।

# स्नातक अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम जुलाई से होगा शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय वाणिज्य संकाय के तहत शुरू करेगा पाठ्यक्रम
- उद्योग जगत से जोड़ने के लिए तैयार किया गया है शैक्षिक कार्यक्रम

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय में स्नातक अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम नए शैक्षिक सत्र से जुलाई में शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उद्योग से जोड़ना है। इसमें कक्षा शिक्षण के साथ कार्यस्थल का व्यावहारिक अनुभव भी शामिल किया जाएगा, जिससे परिणाम आधारित अधिगम और उद्योग-अकादमिक संबंध मजबूत होंगे।

इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक अप्रेंटिसशिप विश्वविद्यालय, उद्योग



भागीदार और छात्र के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर आधारित होगी। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण को स्नातक डिग्री में क्रेडिट आधारित घटक के रूप में जोड़ा जाएगा, जिससे इसे नियमित पाठ्यक्रम के समान मान्यता मिलेगी। प्रवेश प्रक्रिया सामान्य स्नातक कार्यक्रमों की तरह ही होगी और छात्रों को शुरुआत में ही अप्रेंटिसशिप की जानकारी दी जाएगी।

> उच्च शिक्षा को एनईपी के अनुरूप बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत कर छात्रों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करेगी।
>
> प्रो. जेपी सैनी, कुलपति, लविवि

वाणिज्य संकाय में बीकॉम (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा), बीकॉम रिटेल मैनेजमेंट और बीकॉम ई-कॉमर्स में 75-75 सीटें होंगी। पाठ्यक्रम की अवधि चार वर्ष (आठ सेमेस्टर) और प्रति सेमेस्टर शुल्क 27,880 रुपये निर्धारित किया गया है।

# सीएएल एलीट्स व सीएएल ऑरेंज क्वार्टर फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** सीएएल ऑरेंज और सीएएल एलीट्स ने एपी स्पोर्ट्स ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। रविवार को खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में सीएएल एलीट्स ने सीएएल ईगल्स को 62 रन से और सीएएल ऑरेंज ने सीएएल ब्ल्यू को 108 रन से हराया।

ब्लेज विलो गोमती नगर स्टेडियम में खेले गए मैच में सीएएल ऑरेंज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में आठ विकेट पर 191 रन बनाए। आर्यन यादव ने 68 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल रहे। ब्ल्यू की ओर से शेख अहमद ने पांच विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल ब्ल्यू की टीम 21.1 ओवर में 83 रन पर सिमट गई। प्रथमेश पांडेय ने 25 रन बनाए, जबकि ऑरेंज की ओर से अभय सोनी ने तीन और रिदम ने दो विकेट चटकाए।

यश साहनी मैदान पर खेले गए दूसरे मुकाबले में सीएएल एलीट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में चार विकेट पर 235 रन बनाए। कार्तिक यादव (52) और आकाश दुबे (70) ने बेहतरीन पारियां खेलीं। जवाब में सीएएल ईगल्स की टीम 25 ओवर में नौ विकेट पर 173 रन ही बना सकी। शौर्य ने 65 रन की तेज पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। एलीट्स की ओर से कुशाग्र पटेल और देव उपाध्याय ने तीन-तीन विकेट लिए।

# समस्याओं का समाधान भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित : प्रो. सिद्धार्थ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी के महर्षि स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज द्वारा समाज विज्ञान में मल्टी डिसिप्लिनरी अध्ययन पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के संबंधों पर चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता जेएनएमपीजी कॉलेज के प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने अंतर्विषयक और पराविषयक पद्धति की महत्ता बताते हुए कहा कि सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए विषयों को भारतीय ज्ञान परंपरा के दृष्टिकोण से समझना जरूरी है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. संजय गुप्ता ने शोध में बहुविषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि विभिन्न विषयों का व्यावहारिक ज्ञान सामाजिक विज्ञान के साथ-साथ विज्ञान के क्षेत्रों के लिए भी आवश्यक है।



भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुई छात्रा।

- महर्षि इंफार्मेशन तकनीकी विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर हुई कार्यशाला

सेमिनार में हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजकार्य, मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र और राजनीतिक विज्ञान के विद्यार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। श्रेष्ठ शोध पत्रों के लिए मान्या सिंह, शाइस्ता परवीन और साक्षी मिश्रा को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. राम प्रकाश दीक्षित द्वारा संपादित पुस्तक "उच्च शिक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग और संभावनाएं" का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विजय श्रीवास्तव ने किया।

# चंद्रा पैनोरमा निवासियों का बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता, गोसाईगंज

- पार्क की मांग को लेकर सुशांत गोल्फ सिटी में निवासियों का धरना

**अमृत विचार:** अमृत विचार: सुशांत गोल्फ सिटी स्थित चंद्रा पैनोरमा सोसाइटी के निवासियों ने ग्रीन पार्क पर कथित अवैध कब्जे के विरोध में रविवार को जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान फ्लैट ओनर्स ने बिल्डर पर गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की।

निवासियों के अनुसार, सोसाइटी के मूल लेआउट में शामिल ग्रीन पार्क को पहले मुख्य प्लॉट से अलग किया गया और अधिकांश फ्लैट्स की बिक्री के बाद उसे अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित कर दिया गया, जिससे लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2012 में स्वीकृत योजना के तहत 2014 से पूरे प्लॉट पर सोसाइटी का वैध कब्जा है, लेकिन 2016 में करीब 1200 वर्ग मीटर ग्रीन एरिया को मरघट रोड के नाम पर अलग कर दिया गया।

आरोप है कि 26 फरवरी 2026 को बिना किसी स्पष्ट न्यायालय आदेश के इस जमीन को दूसरे व्यक्ति को सौंप दिया गया। साथ ही 437.63 वर्ग मीटर जमीन और अलग कर कुल 1637.63 वर्ग मीटर क्षेत्र निवासियों के अधिकार से बाहर कर दिया गया।

निवासियों ने बिल्डर पर मिलीभगत से अवैध हस्तांतरण का आरोप लगाते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई और जमीन वापस दिलाने की मांग की। धरने में सीमा जैन, मोहम्मद फरीद, डॉ. जितेंद्र शुक्ला, डिंपी बाजपेई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




चारबाग स्थित एपीसेन पीजी कॉलेज के बाहर बैठे होमगार्ड की परीक्षा देने आए अभ्यर्थी। अमृत विचार

# कड़ी निगरानी में हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अफसरों ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**अमृत विचार :** जिले में 55 केंद्रों पर दूसरे दिन रविवार को कड़ी निगरानी में होमगार्ड भर्ती परीक्षा कराई गई। प्रति पाली पंजीकृत 22,272 अभ्यर्थियों की व्यवस्था की गई। केंद्रों की कंट्रोल रूम से स्मार्ट मॉनीटरिंग की गई। जिलाधिकारी विशाख जी व संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

सुबह व शाम पाली में उप्र होमगार्ड्स के पदों पर इनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा कराई गई। प्रत्येक पाली में 22,272 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। सभी 55 केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय में बने जनपदीय कंट्रोल रूम से केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। सभी केंद्रों पर मोबाइल जैमर लगाए गए। कंट्रोल रूम से हर गतिविधियों पर निगाह रखी गई। अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद कंट्रोल रूम से केंद्रों की गतिविधियां देखी और सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी की। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्रों पर तैनात रहे। सोमवार को भी 55 केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा का टेलीग्राम पर 15 हजार में पेपर बेचने का दावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी भर्ती बोर्ड के दो इंस्पेक्टर ने हुसैनगंज थाने में दर्ज कराई एफआईआर
- सोशल मीडिया के जरिए परीक्षार्थियों को भ्रमित कर ठगी की कोशिश

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा-2025 के दौरान पेपर लीक और बिक्री के दावे सामने आए हैं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी कर रही है। इसी क्रम में टेलीग्राम पर 'यूपी होमगार्ड एक्जाम' नामक चैनल (यूज़रनेम <bha>@</bha>Lucifrobot) के जरिए एक संदिग्ध लिंक वायरल किया गया, जिसमें 'यूपी होमगार्ड पेपर फर्स्ट शिफ्ट फर्स्ट सेट सोल्ड' का दावा करते हुए 15 हजार रुपये में पेपर बेचने की बात कही गई। मामले की जानकारी होने पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की सतर्कता प्रकोष्ठ के दो इंस्पेक्टर ने हुसैनगंज थाने में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह और राजेश कुमार उपाध्याय के मुताबिक परीक्षा तीन दिन में आयोजित की जा रही है और उसकी निष्पक्षता प्रभावित करने के लिए गिरोह सक्रिय हैं। सोशल मीडिया सेल व्हाट्सएप, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टेलीग्राम पर निगरानी कर रही थी। जांच में सामने आया कि 'एक्जाम पेपर वल्लाह' नामक चैनल पर "<bha>@</bha>PAPER_MAFIAY" आईडी से पेपर बेचने का दावा किया गया, जिसमें पूरे पेपर के लिए 15 हजार और आधे पेपर के लिए 8 हजार रुपये मांगे जा रहे थे। भुगतान के लिए 50 प्रतिशत एडवांस की शर्त रखी गई थी।

वहीं, यूट्यूब चैनल 'arjun with rojgar' पर भी भ्रामक संदेश प्रसारित कर 100 में 90 प्रश्न आने की गारंटी दी जा रही थी। पुलिस के अनुसार यह परीक्षार्थियों को गुमराह कर ठगी का प्रयास है। दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# होमगार्ड परीक्षा देने जा रहे युवक की बाइक डिवाइडर से टकराई, मौत

संवाददाता, निगोहां

**अमृत विचार :** बहन की शादी की खुशियों के बीच एक दर्दनाक हादसे ने परिवार को मातम में बदल दिया। होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने जा रहे युवक की बाइक निगोहां के भगवानपुर गांव के पास रविवार सुबह डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चचेरा भाई घायल हो गया।



अनुभव सिंह

बाराबंकी के फतेहपुर थाना क्षेत्र के गौरा करौंदी निवासी अनुभव सिंह (22) रविवार सुबह अपने चचेरे भाई कुलदीप सिंह के साथ बाइक से रायबरेली परीक्षा देने जा रहा था। सुबह करीब आठ बजे भगवानपुर के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में अनुभव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। एसओ अनुज तिवारी ने परिजनों को सूचना दी। बेटे की मौत की खबर मिलते ही माता-पिता बेसुध हो गए। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव उन्हें सौंप दिया।

**बुरा हाल** — होमगार्ड अभ्यर्थियों को हो रहे भारी असुविधा

# ट्रेन का इंतजार बना यात्रियों के लिए सिरदर्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। लगातार देरी से चल रही ट्रेनों के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में 6 से 7 घंटे तक अतिरिक्त समय लग रहा है। खासकर प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले होमगार्ड अभ्यर्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, 15033 पाटलीपुत्र-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से करीब 2 घंटे 50 मिनट लेट चल रही है, जिससे बादशाहनगर और लखनऊ जंक्शन पहुंचने वाले यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। वहीं 05058 नई दिल्ली-गोरखपुर समर स्पेशल लगभग 5 घंटे देरी से संचालित हो रही है। गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस भी करीब 4 घंटे लेट है। इसके अलावा 12004 नई दिल्ली-लखनऊ जंक्शन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस 26 अप्रैल को लगभग 1 घंटा 35 मिनट देरी से पहुंची।



ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचे भारी संख्या में अभ्यर्थी। अमृत विचार

## सिटी डायरी



सम्मानित होने वाले सीएमएस के विद्यार्थी।

### 'इन्स्पायर-मानक अवार्ड' से सम्मानित हुए सीएमएस छात्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस छात्र अर्जुन सिंह और प्रख्या यादव को विज्ञान विषय में वैज्ञानिक प्रतिभा हेतु केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा 'इन्स्पायर-मानक अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। इस अवार्ड के अन्तर्गत इन छात्रों को दस-दस हजार रूपये के नगद पुरस्कारों से नवाजा गया है, जिससे ये छात्र समाजोपयोगी विज्ञान मॉडल का निर्माण करेंगे। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि देश भर के लाखों छात्रों के बीच सीएमएस छात्रों का पुरस्कार हेतु चयनित होना वास्तव में गर्व की बात है। इस प्रतिष्ठित सम्मान हेतु देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से लगभग दस लाख छात्रों ने अपने मूल विज्ञान प्रोजेक्ट, प्रविष्टियों को प्रेषित किया था।



कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चे व अन्य।

### प्रतिभाओं की प्रस्तुतियों संग विभूतियां सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** जेपीएस स्टार 11 के तत्वावधान में 'इंडिया लहराएगा हुनर का परचम-4' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नित्या यादव, प्रत्यक्ष कौर, रुद्र गुप्ता, अनुष्का गुप्ता और मीनाक्षी ने दुर्गा स्तुति पर भावपूर्ण नृत्य से की। इसके बाद कोमल कुमारी और हर्षिता ने गीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं, जबकि जय प्रकाश तिवारी (जूनियर राजू श्रीवास्तव) ने कॉमेडी से माहौल खुशनुमा बना दिया। समारोह में फिल्मकार प्रदीप श्रीवास्तव, महेश प्रताप, अंकित गौतम, एकांकी शर्मा, मिहिर सचान, हर्षिता चतुर्वेदी और नेहा वर्मा को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



जीत के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी।

### लखनऊ ने जीते छह स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट, जूनियर कराटे चैंपियनशिप के तीसरे दिन मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण पदक जीतकर ओवरऑल खिताब की दावेदारी मजबूत की। गौतमबुद्धनगर ने सात स्वर्ण, तीन रजत व दो कांस्य के साथ चुनौती दी, जबकि अलीगढ़ को तीन स्वर्ण मिले। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन हाल में चल रही प्रतियोगिता में लखनऊ ने दिनभर में 6 स्वर्ण, 4 रजत व 7 कांस्य जीतकर कुल 14 स्वर्ण कर लिए। स्वर्ण विजेताओं में अरहम खान, विनायक शर्मा, सरन खत्री, करन खत्री, आर्यवीर सिंह व टीम काता (अरहम, आरव, तनिश) शामिल रहे। रजत में तोयेश, कृष्णा, आर्यवीर-रुद्र-सरन व अक्षय रहे।



सम्मानित छात्र, साथ में जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य।

### छात्र को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसकेडी एकेडमी, ई-ब्लॉक राजाजीपुरम के छात्र सुभान अली ने यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने छात्र को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने इसे छात्र के समर्पण और शिक्षकों के प्रयासों का परिणाम बताया।